Bareilly, Sunday
13 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext



# एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस का शुभारंभ

bareilly@inext.co.in




**BAREILLY (12 Sep):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग द्वारा एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के सहयोग से दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशॉप का शुभारंभ हुआ. उद्घाटन सत्र में पूर्व महापौर डॉ. आईएस तोमर तथा वरिष्ठ आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डॉ. लालता प्रसाद को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने युवा चिकित्सकों से सेवा भाव और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का पालन सर्वोपरि है. सम्मेलन के प्रथम दिन 11 साइंटिफिक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ कोलोप्रोक्टोलॉजी व देश भर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एनोरेक्टल, बवासीर, फिस्टुला और रोबोटिक सर्जरी की आधुनिक तकनीकों पर व्याख्यान व प्रदर्शन प्रस्तुत किए. कार्यक्रम में आईएमए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल, डॉ. प्रशांत रहाटे, डॉ. नीरज गोयल, डॉ. दिनेश शाह, डॉ. कौशल कुमार, प्राचार्य डॉ. एमएस बुटोला, आयोजन अध्यक्ष डॉ. एसके सागर एवं सचिव डॉ. अमित सिंह सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, फैकल्टी व रेजिडेंट्स उपस्थित रहे.